**Booklet Series**
पुस्तिका श्रेणी

# A

# QUESTION BOOKLET
## प्रश्न-पुस्तिका

**Booklet No.**
पुस्तिका संख्या

21637

## LAW
## विधि

**Time Allowed : 2 Hours**
**निर्धारित समय : 2 घण्टे**

**Maximum Marks : 200**
**अधिकतम अंक : 200**

### INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Please do not open this Question Booklet until you are told to do so.
2. Candidate must fill up the necessary information in the space provided on the OMR Answer Sheet before commencement of the exam.
3. For marking the correct answer, darken one circle by **black or blue** ball-point pen only. Please do not mark on more than one circle. Darkening on more than one circle against an answer will be treated as wrong answer.
4. Do not detach any leaf from this Question Booklet. After the examination, hand over the OMR Answer Sheet to the Room Invigilator. You are allowed to take the Question Booklet after examination is over.
5. Each question carries 2 marks. There is no negative marking for any wrong answer.
6. Possession and use of Calculator, Mobile Phone and Pager is prohibited in the Examination Hall.
7. For any discrepancy in the translated version of any question in Hindi, the English version of the question will be valid.
8. Candidates are informed that evaluation of OMR Answer Sheet will be done by Electronic Machine. So, they should shadow the bubbles of Roll No. and Booklet Series properly, otherwise Machine will not be able to evaluate it. Failure to comply this instruction will be sole responsibility of the candidates.

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. जब तक कहा न जाए तब तक इस प्रश्न-पुस्तिका को न खोलें ।
2. परीक्षा शुरू करने से पहले परीक्षार्थी को ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में आवश्यक जानकारी निर्धारित स्थान पर अवश्य भर लेनी चाहिए ।
3. सही उत्तर चिह्नित करने के लिए निर्धारित एक गोले को **काले या नीले** बॉलपेन द्वारा चिह्नित करें । एक से अधिक गोलों को काला चिह्नित न करें । एक से अधिक गोले को उत्तर के रूप में चिह्नित करने पर उस उत्तर को गलत माना जाएगा ।
4. इस प्रश्न-पुस्तिका में से किसी भी पन्ने को अलग न करें । परीक्षा समाप्ति के उपरान्त ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका को कक्ष-निरीक्षक को सौंप दें । आप अपनी प्रश्न-पुस्तिका परीक्षा के बाद ले जा सकते हैं ।
5. प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है । गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटा जाएगा ।
6. परीक्षा भवन में संगणक, मोबाइल फोन एवं पेजर को अपने पास रखना और उसका प्रयोग करना वर्जित है ।
7. किसी भी प्रश्न के हिन्दी अनुवाद में किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर, अंग्रेजी भाषा में दिया गया प्रश्न मान्य होगा ।
8. परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका का मूल्यांकन वैद्युतिक मशीन द्वारा होना है । अतः वे अपना अनुक्रमांक और पुस्तिका श्रेणी के गोलों को सही ढंग से भरें, अन्यथा मशीन उसका मूल्यांकन नहीं कर सकेगी । इस सूचना की अवमानना होने पर परीक्षार्थी इसके लिए स्वयं उत्तरदायी होंगे ।

1. A witness unable to speak gives evidence by sign-gesture. Such evidence is

(A) Secondary Evidence

(B) Special Evidence

(C) Circumstantial Evidence

(D) Oral Evidence

1. एक साक्षी जो बोलने में समर्थ नहीं है, अपना साक्ष्य संकेतों-हावभाव के माध्यम से प्रकट करता है । यह साक्ष्य है

(A) द्वितीयक साक्ष्य

(B) विशेष साक्ष्य

(C) परिस्थितिजन्य साक्ष्य

(D) मौखिक साक्ष्य

2. The Supreme Court has recognized the presumption of innocence as a

(A) Fundamental Right

(B) Statutory Right

(C) Human Right

(D) Customary Right

2. उच्चतम न्यायालय ने निर्दोषिता की उपधारणा को बताया है एक

(A) मौलिक अधिकार

(B) सांविधिक अधिकार

(C) मानव अधिकार

(D) रूढ़िजन्य अधिकार

3. Which of the following is not a secondary evidence ?

(A) Certified copies

(B) Copies made from original

(C) Where number of documents are made by one uniform process

(D) Copies compared with original

3. इनमें से कौन द्वितीयक साक्ष्य नहीं है ?

(A) प्रमाणित प्रति

(B) मूल से बनाई गई प्रति

(C) जहाँ अनेक दस्तावेज एक रूपात्मक प्रक्रिया से बनाए गए हैं ।

(D) मूल से तुलना की गई प्रतियाँ

4. Which one of the following is not a leading case on dying declaration ?

(A) Kushal Rao Vs. State

(B) Moti Singh Vs. State

(C) Deep Chand Vs. State

(D) R.Vs. Jenkis

4. इनमें से कौन मृत्युकालिक कथन पर महत्त्वपूर्ण वाद नहीं है ?

(A) कुशाल राव ब. राज्य

(B) मोती सिंह ब. राज्य

(C) दीप चंद ब. राज्य

(D) आर. ब. जेंकिस

5. A is tried for murder of B by poison. The fact that before the death of B, A procured poison similar to that which was administered to B is

(A) Relevant

(B) Not relevant

(C) Partly relevant

(D) Neither relevant nor irrelevant

6. Facts which are necessary to explain or introduce relevant facts of place, name, date, relationship and identity of parties are relevant under

(A) Section 8

(B) Section 9

(C) Section 10

(D) Section 11

7. A confession made by a conspirator involving other members is relevant against the co-conspirator jointly tried with him and is admissible under

(A) Section 8

(B) Section 10

(C) Section 30

(D) Section 56

8. Oral evidence of a fact invalidating the document is admissible under Indian Evidence Act, 1872

(A) Proviso 1 to Section 92

(B) Proviso 2 to Section 92

(C) Proviso 4 to Section 92

(D) Proviso 6 to Section 92

5. विष द्वारा 'ख' की हत्या करने के लिए 'क' का विचारण किया जाता है । यह तथ्य कि 'ख' की मृत्यु से पूर्व 'क' ने 'ख' को दिए गए विष जैसा विष प्राप्त किया था

(A) सुसंगत है ।

(B) सुसंगत नहीं है ।

(C) आंशिक रूप से सुसंगत है ।

(D) न तो सुसंगत है, न ही असंगत है ।

6. वे आवश्यक सुसंगत तथ्य जो किसी स्थान, नाम, तिथि, संबंध या पक्षकारों की पहचान का स्पष्टीकरण देते हैं या पुन: स्थापित करते हैं, सुसंगत हैं

(A) धारा 8 में

(B) धारा 9 में

(C) धारा 10 में

(D) धारा 11 में

7. किसी षड्यंत्रकारी द्वारा की गई संस्वीकृति जो अन्य सदस्यों को भी शामिल करती है, वह संस्वीकृति उन सहषड्यंत्रकारियों के विरुद्ध सुसंगत है जो संयुक्त रूप से विचारित हैं । यह संस्वीकृति ग्राह्य है

(A) धारा 8

(B) धारा 10

(C) धारा 30

(D) धारा 56

8. किसी तथ्य का मौखिक साक्ष्य जिसके द्वारा किसी दस्तावेज को अवैध ठहराया जाता है, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 में ग्राह्य है

(A) धारा 92 परंतुक 1 में

(B) धारा 92 परंतुक 2 में

(C) धारा 92 परंतुक 4 में

(D) धारा 92 परंतुक 6 में

9. The Code of Criminal Procedure, 1973 came into force on

(A) 1st January, 1973

(B) 1st April, 1974

(C) 1st October, 1974

(D) 1st December, 1974

10. Which among the following chapters of the CrPC, 1973 does not apply to the state of Nagaland and the tribal areas ?

(A) Chapter VIII

(B) Chapter IX

(C) Chapter X

(D) Chapter XI

11. Section 2(d) of CrPC, 1973 defines

(A) Charge

(B) Cognizable offence

(C) Complaint

(D) Inquiry

12. Under which Section of CrPC, 1973 the court may order the accused to pay compensation ?

(A) Section 354

(B) Section 355

(C) Section 356

(D) Section 357

9. दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 प्रवृत्त हुई

(A) 1 जनवरी, 1973

(B) 1 अप्रैल, 1974

(C) 1 अक्टूबर, 1974

(D) 1 दिसंबर, 1974

10. दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 का कौन सा अध्याय "नागालैंड राज्य और जनजाति क्षेत्रों" में लागू नहीं होता ?

(A) अध्याय VIII

(B) अध्याय IX

(C) अध्याय X

(D) अध्याय XI

11. धारा 2(घ) (2–डी), दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 परिभाषित करता है

(A) आरोप

(B) संज्ञेय अपराध

(C) परिवाद

(D) जाँच

12. दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की किस धारा में न्यायालय अभियुक्त को आदेश दे सकता है कि वह क्षतिपूर्ति का भुगतान करे ?

(A) धारा 354

(B) धारा 355

(C) धारा 356

(D) धारा 357

13. Who can issue search warrant to search persons wrongfully confined ?

(A) D.M.

(B) S.D.M.

(C) Magistrate

(D) All of these

14. 'Warrant case' means a case relating to an offence punishable with death, imprisonment of life or imprisonment for a term

(A) Exceeding 2 years

(B) Exceeding 3 years

(C) Exceeding 4 years

(D) Exceeding 5 years

15. A proclaimed person whose property has been attached can claim the property or proceed of sale on appearance within

(A) 6 months

(B) 2 years

(C) 3 years

(D) 1 year

13. सदोष परिरोध में रखे व्यक्ति की तलाशी के लिए तलाशी वारंट कौन जारी कर सकता है ?

(A) डी.एम.

(B) एस.डी.एम.

(C) मजिस्ट्रेट

(D) यह सभी

14. "वारंट मामले" का अर्थ है अपराध से संबंधित ऐसे मामले से जो कि मृत्युदण्ड, आजीवन कारावास या ऐसे कारावास से जो

(A) दो वर्ष से अधिक के दण्ड से दंडनीय हो ।

(B) तीन वर्ष से अधिक के दण्ड से दंडनीय हो ।

(C) चार वर्ष से अधिक के दण्ड से दंडनीय हो ।

(D) पाँच वर्ष से अधिक के दण्ड से दंडनीय हो ।

15. एक उद्घोषित व्यक्ति जिसकी संपत्ति कुर्क की गई है, कितने समय के अंदर हाजिरी पर संपत्ति अथवा विक्रय के आगम का दावा कर सकता है ?

(A) 6 माह

(B) 2 साल

(C) 3 साल

(D) 1 साल

16. Provision regarding inquest has been mentioned under ________ of the CrPC, 1973.

(A) Section 171

(B) Section 172

(C) Section 173

(D) Section 174

17. Under which section of CrPC, 1973 the District Magistrate has been empowered to issue order in urgent case of nuisance or apprehended danger ?

(A) Section 142

(B) Section 143

(C) Section 144

(D) Section 145

18. Provision regarding 'Plea bargaining' has been mentioned under ________ of CrPC, 1973.

(A) Chapter XX

(B) Chapter XXI

(C) Chapter XXI A

(D) Chapter XXII

16. "मृत्यु समीक्षा" से संबंधित प्रावधान आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 में कहाँ उपबंधित है ?

(A) धारा 171

(B) धारा 172

(C) धारा 173

(D) धारा 174

17. आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 की किस धारा के अंतर्गत जिला दंडाधिकारी को अत्यावश्यक लोक अपदूषण या आशंकित खतरे के संदर्भ में आदेश जारी करने की शक्तियाँ प्राप्त हैं ?

(A) धारा 142

(B) धारा 143

(C) धारा 144

(D) धारा 145

18. दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 के किस अध्याय में 'प्ली बार्गेनिंग' का प्रावधान है ?

(A) अध्याय XX

(B) अध्याय XXI

(C) अध्याय XXI क

(D) अध्याय XXII

19. 'Person once convicted or acquitted not to be tried for same offence.' The provision is mentioned under CrPC, 1973

(A) Section 300

(B) Section 301

(C) Section 303

(D) Section 304

20. Second Class Magistrate authorised by the High Court can try summarily any offence which is punishable with imprisonment for a term

(A) Not exceeding 3 months

(B) Not exceeding 6 months

(C) Not exceeding 1 year

(D) Not exceeding 2 years

21. In which of following section 'cognizable offences' has been defined ?

(A) Section 2(a) CrPC

(B) Section 2(b) CrPC

(C) Section 2(c) CrPC

(D) Section 2(i) CrPC

19. 'कोई व्यक्ति जो उसी अपराध के लिए दोषसिद्ध या दोषमुक्त हो चुका है, उसी अपराध के लिए उसका पुन: विचारण नहीं हो सकेगा ।' यह प्रावधान दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 में है

(A) धारा 300

(B) धारा 301

(C) धारा 303

(D) धारा 304

20. उच्च न्यायालय द्वारा प्राधिकृत कोई भी द्वितीय श्रेणी का मजिस्ट्रेट किसी ऐसे अपराध का संक्षिप्त विचारण कर सकता है जो कि ऐसी अवधि के कारावास से दण्डनीय है, जो

(A) तीन माह से ज्यादा न हो ।

(B) छ: माह से ज्यादा न हो ।

(C) एक वर्ष से ज्यादा न हो ।

(D) दो वर्ष से ज्यादा न हो ।

21. निम्नलिखित में से किस धारा में 'संज्ञेय अपराध' परिभाषित है ?

(A) धारा 2(a) द.प्र.स.

(B) धारा 2(b) द.प्र.स.

(C) धारा 2(c) द.प्र.सं.

(D) धारा 2(i) द.प्र.स.

22. Public Prosecutors are appointed by the

(A) Central Government after consultation with High Court

(B) State Government after consultation with High Court

(C) Both (A) & (B)

(D) None of these

23. Inherent power of High Court has been dealt under ________ of the CrPC, 1973.

(A) Section 481

(B) Section 482

(C) Section 483

(D) Section 465

24. Which among the following is not correct about FIR ?

(A) It is an information given to the police officer.

(B) It must relate to cognizable offence.

(C) It is an information first in point of time.

(D) It can be lodged both in cognizable & non-cognizable offences.

22. लोक अभियोजक की नियुक्ति होती है

(A) उच्च न्यायालय के परामर्श से केंद्र सरकार द्वारा

(B) उच्च न्यायालय के परामर्श से राज्य सरकार द्वारा

(C) दोनों (A) और (B)

(D) इनमें से कोई नहीं

23. उच्च न्यायालय की अंतर्निहित शक्ति दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 में दी गई है

(A) धारा 481

(B) धारा 482

(C) धारा 483

(D) धारा 465

24. प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) के संबंध में क्या सही नहीं है ?

(A) यह पुलिस अधिकारी को दी गई सूचना है ।

(B) यह अवश्य ही संज्ञेय अपराध के संबंध में हो ।

(C) यह वह सूचना है जो समय की दृष्टि से प्रथम है ।

(D) यह संज्ञेय और असंज्ञेय दोनों मामले में दर्ज की जा सकती है ।

25. Any dispute relating to the possession of immovable property is decided by

(A) Judicial Magistrate

(B) Executive Magistrate

(C) Either by Judicial Magistrate or by Executive Magistrate

(D) Neither by Judicial nor Executive Magistrate

26. An Assist Session Judge may pass any sentence except

(A) A sentence of death, life imprisonment or imprisonment for a term exceeding 7 years.

(B) A sentence of death, life imprisonment or imprisonment for a term exceeding 10 years.

(C) A sentence of death, life imprisonment or imprisonment for a term exceeding 12 years.

(D) None of these

27. A confession under Section 164 of CrPC, 1973 can be recorded by

(A) Metropolitan/Judicial Magistrate

(B) Executive Magistrate

(C) Police Officer

(D) Prosecution Officer

25. स्थावर संपत्ति के कब्जे से जुड़ा कोई विवाद निर्णीत किया जाता है

(A) न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा ।

(B) कार्यपालक मजिस्ट्रेट द्वारा ।

(C) या तो न्यायिक मजिस्ट्रेट या कार्यपालक मजिस्ट्रेट द्वारा ।

(D) न तो न्यायिक मजिस्ट्रेट न ही कार्यपालक मजिस्ट्रेट द्वारा ।

26. एक सहायक सत्र न्यायाधीश कोई भी दण्ड दे सकता है, सिवाय

(A) मृत्यु दंड, आजीवन कारावास या ऐसा कारावास जो सात साल से ज्यादा हो ।

(B) मृत्यु दंड, आजीवन कारावास या ऐसा कारावास जो दस साल से ज्यादा हो ।

(C) मृत्यु दंड, आजीवन कारावास या ऐसा कारावास जो बारह साल से ज्यादा हो ।

(D) इनमें से कोई नहीं

27. धारा 164, दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अंतर्गत संस्वीकृति अभिलिखित की जा सकती है

(A) मेट्रोपोलिटन/न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा

(B) कार्यपालक मजिस्ट्रेट द्वारा

(C) पुलिस अधिकारी द्वारा

(D) अभियोजन अधिकारी द्वारा

28. An Executive Magistrate can grant remand under Section 167 of CrPC, 1973 for a period of maximum

(A) 5 days

(B) 7 days

(C) 10 days

(D) 15 days

29. For an offence punishable with fine only, the period of limitation prescribed under Section 468 of CrPC is

(A) 3 months

(B) 6 months

(C) 1 year

(D) 3 years

30. 'Any police officer may arrest any person without warrant who has been concerned in cognizable offence.' This has been provided under

(A) Section 40 CrPC

(B) Section 41 CrPC

(C) Section 43 CrPC

(D) Section 57 CrPC

28. धारा 167, दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अंतर्गत एक कार्यपालक मजिस्ट्रेट अधिकतम कितने दिनों की अभिरक्षा दे सकता है ?

(A) 5 दिन

(B) 7 दिन

(C) 10 दिन

(D) 15 दिन

29. ऐसे अपराध के लिए जो केवल जुर्माने से दंडनीय है, परिसीमा की अवधि, जो धारा 468, दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 में है

(A) 3 माह

(B) 6 माह

(C) 1 साल

(D) 3 साल

30. 'कोई पुलिस अधिकारी किसी व्यक्ति को, जो किसी संज्ञेय अपराध से जुड़ा है, बिना वारंट के गिरफ्तार कर सकता है।' यह प्रावधान दंड प्रक्रिया संहिता में है

(A) धारा 40 में

(B) धारा 41 में

(C) धारा 43 में

(D) धारा 57 में

31. Provision regarding alteration of charges has been mentioned under ______ of the CrPC, 1973.

(A) Section 215

(B) Section 216

(C) Section 217

(D) Section 218

32. There shall be no appeal by a convicted person where a Magistrate of the first class passes only a sentence of fine not exceeding

(A) ₹ 500

(B) ₹ 300

(C) ₹ 200

(D) ₹ 100

33. Who among the following can issue order against a person for maintaining his wife under Section 125 CrPC, 1973 ?

(A) Judicial Magistrate II Class

(B) Judicial Magistrate I Class

(C) Executive Magistrate

(D) All of these

31. आरोपों में परिवर्तन का प्रावधान दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 में है

(A) धारा 215

(B) धारा 216

(C) धारा 217

(D) धारा 218

32. दोषसिद्ध व्यक्ति द्वारा ऐसे मामले में कोई अपील नहीं की जाएगी जहाँ प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट ने दंड के रूप में किया जुर्माना

(A) ₹ 500 से अधिक नहीं है ।

(B) ₹ 300 से अधिक नहीं है ।

(C) ₹ 200 से अधिक नहीं है ।

(D) ₹ 100 से अधिक नहीं है ।

33. धारा 125, दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 में किसी व्यक्ति के विरुद्ध उसकी पत्नी के भरणपोषण का आदेश जारी कर सकता है

(A) द्वितीय श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट

(B) प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट

(C) कार्यपालक मजिस्ट्रेट

(D) यह सभी

34. Which of the following sections give extra-territorial operation under IPC, 1860 ?

(A) Sections 3 & 4

(B) Sections 5 & 6

(C) Sections 7 & 9

(D) Sections 10 & 11

35. R Vs. Hicklin is related to

(A) Bribery

(B) Culpable Homicide

(C) Obscenity

(D) Rape

36. What should be the minimum person to commit the offence of robbery ?

(A) One

(B) Two

(C) Three

(D) Four

37. 'Gang Rape' has been made punishable under which section of IPC, 1860 ?

(A) Section 376 A

(B) Section 376 B

(C) Section 376 C

(D) Section 376 D

34. निम्नलिखित में से कौन सी धाराएँ क्षेत्रातीत प्रवर्तन का प्रावधान भारतीय दंड संहिता, 1860 में करती हैं ?

(A) धारा 3 और 4

(B) धारा 5 और 6

(C) धारा 7 और 9

(D) धारा 10 और 11

35. आर.ब. हिकलिन संबंधित है

(A) रिश्वत

(B) सदोष मानववध

(C) अश्लीलता

(D) बलात्संग

36. लूट के अपराध के लिए न्यूनतम कितने व्यक्ति होने चाहिए ?

(A) एक

(B) दो

(C) तीन

(D) चार

37. "सामूहिक बलात्संग", भारतीय दंड संहिता, 1860 में दंडनीय है

(A) धारा 376 क

(B) धारा 376 ख

(C) धारा 376 ग

(D) धारा 376 घ

**38.** Which of the following section of IPC, 1860 defines 'Dishonestly' ?

(A) Section 23

(B) Section 24

(C) Section 25

(D) Section 26

**39.** In which of the following offence the "mens rea" is not necessary to make the offender criminally liable ?

(A) Culpable Homicide

(B) Wrongful Confinement

(C) Kidnapping

(D) Criminal Conspiracy

**40.** In which of the following case Section 303 of IPC, 1860 has been declared unconstitutional ?

(A) Bachan Singh Vs. State

(B) D.K. Basu Vs. State

(C) Joginder Kumar Vs. State

(D) Mithu Singh Vs. State

**38.** इनमें से भा.दं.सं., 1860 की कौन सी धारा 'बेईमानी से' को परिभाषित करती है ?

(A) धारा 23

(B) धारा 24

(C) धारा 25

(D) धारा 26

**39.** निम्नलिखित में से किस अपराध में 'मेंस रिया" अपराधी को दायित्वाधीन बनाने के लिए आवश्यक नहीं है ?

(A) सदोष मानववध

(B) सदोष परिरोध

(C) व्यपहरण

(D) आपराधिक षड्यंत्र

**40.** इनमें से किस मामले में धारा 303, भारतीय दंड संहिता, 1860 को असांविधानिक घोषित किया गया है ?

(A) बचन सिंह ब. राज्य

(B) डी.के. बसु ब. राज्य

(C) जोगिंदर कुमार ब. राज्य

(D) मिठू सिंह ब. राज्य

41. Necessity may be pleaded as defence under

(A) Section 79

(B) Section 80

(C) Section 81

(D) Section 82

42. McNaughten case is related to

(A) Insanity

(B) Accident

(C) Necessity

(D) Private Defence

43. Giving false evidence in a judicial proceeding is punishable under which section of IPC, 1860 ?

(A) Section 191

(B) Section 192

(C) Section 193

(D) Section 194

41. "आवश्यकता" बचाव के रूप में अभिवचित की जा सकती है

(A) धारा 79

(B) धारा 80

(C) धारा 81

(D) धारा 82

42. मैक नॉटन मामला संबंधित है –

(A) उन्मत्तता

(B) दुर्घटना

(C) आवश्यकता

(D) प्राइवेट प्रतिरक्षा

43. मिथ्या साक्ष्य देना, किसी न्यायिक प्रक्रिया में दंडनीय है

(A) धारा 191, भारतीय दंड संहिता 1860 में

(B) धारा 192, भारतीय दंड संहिता 1860 में

(C) धारा 193, भारतीय दंड संहिता 1860 में

(D) धारा 194, भारतीय दंड संहिता 1860 में

44. Punishment regarding voluntarily causing 'grievous hurt' by acid attack contained

(A) Section 354 A

(B) Section 354 B

(C) Section 326 A

(D) Section 228 A

44. तेजाब फेंक कर स्वेच्छया 'घोर उपहति" कारित करना दंडनीय है –

(A) धारा 354 क

(B) धारा 354 ख

(C) धारा 326 क

(D) धारा 228 क

45. How many persons are required to form an unlawful assembly ?

(A) Two persons

(B) Three persons

(C) Four persons

(D) Five persons

45. एक अविधिपूर्ण जमाव के लिए कितने सदस्यों की जरूरत है ?

(A) दो

(B) तीन

(C) चार

(D) पाँच

46. 'Criminal Conspiracy' has been defined under which section of IPC, 1860 ?

(A) Section 120

(B) Section 120 A

(C) Section 120 B

(D) Section 121

46. "आपराधिक षड्यंत्र" भारतीय दंड संहिता, 1860 की किस धारा में परिभाषित है ?

(A) धारा 120

(B) धारा 120 क

(C) धारा 120 खं

(D) धारा 121

47. The word 'takes' in Section 361 of IPC signifies

(A) Taking by force

(B) Taking by fraud

(C) Physical taking

(D) All of these

47. भारतीय दंड संहिता की धारा 361 में शब्द "ले जाता है" शामिल करता है

(A) बल द्वारा ले जाना ।

(B) कपट द्वारा ले जाना ।

(C) भौतिक रूप से ले जाना ।

(D) यह सभी

48. Right of private defence is available against

(A) an offence

(B) an offender

(C) both offence and offender

(D) an accused

48. प्राइवेट डिफेंस (निजी प्रतिरक्षा) का अधिकार उपलब्ध है –

(A) एक अपराध के विरुद्ध

(B) एक अपराधी के विरुद्ध

(C) दोनों अपराध और अपराधी के विरुद्ध

(D) एक अभियुक्त के विरुद्ध

49. Kedarnath Singh Vs. State of Bihar AIR 1962 SC 955 has decided the constitutional validity of IPC, 1860

(A) Sec 124 A

(B) Sec 505

(C) Sec 124 A and 505

(D) Sec 121

49. केदारनाथ सिंह ब. बिहार राज्य AIR 1962 SC 955 ने भा.दं.सं. 1860 की किस धारा की सांविधानिक वैधता निर्धारित की है ?

(A) धारा 124 क

(B) धारा 505

(C) धारा 124 क और 505

(D) धारा 121

50. Aveek Sarkar Vs. State of West Bengal (2014) 4 SCC 257 deals with

(A) Sec 153 A

(B) Sec 292 A

(C) Sec 292

(D) Sec 354 A

51. A hangman who hangs the prisoner to the order of the court is exempt from criminal liability by virtue of

(A) Section 77 IPC

(B) Section 78 IPC

(C) Section 79 IPC

(D) Section 80 IPC

52. For abetment

(A) It is necessary that the act abetted should be committed successfully.

(B) It is necessary that the act abetted should be committed though unsuccessful.

(C) It is not necessary that the act abetted should be committed.

(D) Both (A) and (B)

50. अवीक सरकार ब. पश्चिम बंगाल राज्य (2014) 4 SCC 257 संबंधित है –

(A) धारा 153 क

(B) धारा 292 क

(C) धारा 292

(D) धारा 354 क

51. जल्लाद जो किसी कैदी को न्यायालय के आदेश से फांसी देता है, आपराधिक दायित्व से उन्मुक्त है –

(A) धारा 77, भारतीय दंड संहिता के कारण

(B) धारा 78, भारतीय दंड संहिता के कारण

(C) धारा 79, भारतीय दंड संहिता के कारण

(D) धारा 80, भारतीय दंड संहिता के कारण

52. दुष्प्रेरण के लिए

(A) यह आवश्यक है कि दुष्प्रेरित कार्य सफलतापूर्वक किया जाए ।

(B) यह आवश्यक है कि दुष्प्रेरित कार्य किया जाए भले ही वह असफल हो जाए ।

(C) यह आवश्यक नहीं है कि दुष्प्रेरित कार्य किया जाए ।

(D) (A) तथा (B) दोनों

53. The case of S. Varadrajan Vs. State relates to which of the following provisions of IPC, 1860 ?

(A) Section 366

(B) Section 365

(C) Section 364

(D) Section 363

54. Disclosure of identity of a victim of rape is punishable under which of the following section of IPC, 1860 ?

(A) Section 229

(B) Section 228

(C) Section 376

(D) Section 228 A

55. Difference between 'common intention' and 'similar intention' was made in which of the following cases ?

(A) B.K. Ghosh Vs. Emperor

(B) Mehboob Shah Vs. Emperor

(C) Kirpal Singh Vs. State

(D) Mithu Vs. State

53. एस. वरदराजन ब. राज्य का मामला भारतीय दंड संहिता, 1860 की किस धारा से जुड़ा है ?

(A) धारा 366

(B) धारा 365

(C) धारा 364

(D) धारा 363

54. बलात्संग के पीड़ित की पहचान का प्रकटीकरण भारतीय दंड संहिता–1860 की किस धारा में दंडनीय है ?

(A) धारा 229

(B) धारा 228

(C) धारा 376

(D) धारा 228 क

55. "सामान्य आशय" और "समान आशय" के बीच का अंतर किस मामले मे किया गया ?

(A) बी.के. घोष ब. एंपरर

(B) मेहबूब शाह ब. एंपरर

(C) कृपाल सिंह ब. राज्य

(D) मिठू ब. राज्य

56. The word 'Illegal' is defined under which section of IPC, 1860 ?

(A) Section 32

(B) Section 33

(C) Section 43

(D) Section 37

57. Section 304-A was added in IPC, 1860 in

(A) 1870

(B) 1880

(C) 1890

(D) 1913

58. Which 'mens rea' element is expressly used in Section 498-A of IPC, 1860 ?

(A) Intentional conduct

(B) Negligent conduct

(C) Wilful conduct

(D) Reason to believe

56. शब्द "अवैध" भारतीय दंड संहिता, 1860 में कहाँ परिभाषित हैं ?

(A) धारा 32

(B) धारा 33

(C) धारा 43

(D) धारा 37

57. भारतीय दंड संहिता, 1860 में धारा 304 क को जोड़ा गया

(A) 1870

(B) 1880

(C) 1890

(D) 1913

58. धारा 498 क, भारतीय दंड संहिता, 1860 में कौन सा "मेंस रिया" तत्त्व अभिव्यक्त रूप से प्रयुक्त है ?

(A) साशय आचरण

(B) उपेक्षापूर्ण आचरण

(C) जानबूझकर आचरण

(D) विश्वास करने का कारण

59. According to Constitution of India, 1950 the residuary power under Article 248 can be exercised by

(A) Union Government

(B) Parliament

(C) Legislature of States

(D) Judiciary

59. भारत के संविधान के अनुसार अनुच्छेद 248 के अंतर्गत अवशिष्ट शक्ति का प्रयोग किया जा सकता है

(A) संघ सरकार द्वारा

(B) संसद द्वारा

(C) राज्य विधान-मंडल द्वारा

(D) न्यायपालिका द्वारा

60. Under which Article of the Constitution NJAC had been created ?

(A) Article 124A

(B) Article 124B

(C) Article 124C

(D) None of these

60. संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार एन.जे.ए.सी. बनाया गया था ?

(A) अनुच्छेद 124 क

(B) अनुच्छेद 124 ख

(C) अनुच्छेद 124 ग

(D) इनमें से कोई नहीं

61. A Constitutional amendment in India can be challenged in

(A) International Court of Justice

(B) Supreme Court

(C) High Court

(D) Supreme Court & High Court both

61. भारत में संविधान संशोधन को चुनौती दी जा सकती है

(A) न्याय का अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय में ।

(B) उच्चतम न्यायालय में ।

(C) उच्च न्यायालय में ।

(D) उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय दोनों में ।

62. Article 368 of the Constitution deals with

(A) Amendment of Constitution

(B) Finance Commission

(C) Election Commission

(D) Judicial Review

63. Article 302 of the Constitution permits restriction on the freedom of trade, commerce and intercourse in public interest by

(A) Inter-State Council

(B) State Legislature

(C) Parliament

(D) World Trade Organization

64. The MPs and MLAs are mandated to take oath to preserve sovereignty and integrity of the nation under which Constitutional amendment ?

(A) 1st Constitutional Amendment, 1951

(B) 16th Constitutional Amendment, 1963

(C) 42nd Constitutional Amendment, 1976

(D) 73rd Constitutional Amendment, 1992

62. संविधान का अनुच्छेद 368 संबंधित है

(A) संविधान का संशोधन

(B) वित्त आयोग

(C) निर्वाचन आयोग

(D) न्यायिक पुनर्विलोकन

63. संविधान का अनुच्छेद 302 व्यापार, वाणिज्य और समागम की स्वतंत्रता पर निर्बंधन लोक हित में लगा सकता है

(A) अंतर्राज्यीय परिषद् द्वारा ।

(B) राज्य विधान-मण्डल द्वारा ।

(C) संसद द्वारा ।

(D) विश्व व्यापार संगठन द्वारा ।

64. किस संविधान संशोधन द्वारा यह अनिवार्य किया गया कि सांसद और विधायक भारत की प्रभुता और अखंडता अक्षुण्ण रखने की शपथ लें ?

(A) प्रथम संविधान संशोधन, 1951

(B) सोलहवाँ संविधान संशोधन, 1963

(C) बयालीसवाँ संक्विधान संशोधन, 1976

(D) तिहत्तरवाँ संविधान संशोधन, 1992

65. 'Justice, social, economic and political' words are used in the Constitution under

(A) Preamble

(B) Fundamental Rights

(C) Directive Principles of State Policy

(D) Preamble as well as Directive Principles of State policy

66. In Shreya Singhal Vs. Union of India, Section 66A of Information Technology Act, 2000 was declared illegal under

(A) Article 14

(B) Article 19(1)

(C) Articles 14 & 19(1)

(D) Articles 14, 19(1) & 21

67. The Constitution of India, 1950 recognizes international relation in

(A) Articles 51 & 253

(B) Articles 51 & 254

(C) Articles 50 & 253

(D) Articles 50 & 254

65. "न्याय, सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक" शब्दों का प्रयोग संविधान में हुआ है

(A) उद्देशिका

(B) मौलिक अधिकार

(C) राज्य की नीति के निदेशक सिद्धान्त

(D) उद्देशिका और राज्य की नीति के निदेशक सिद्धान्त

66. श्रेया सिंघल ब. भारत संघ के मामले में धारा 66 क, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 को अवैध घोषित किया गया

(A) अनुच्छेद 14 के आधार पर ।

(B) अनुच्छेद 19(1) के आधार पर ।

(C) अनुच्छेद 14 और 19(1) के आधार पर ।

(D) अनुच्छेद 14, 19(1) और 21 के आधार पर ।

67. भारत का संविधान अन्तर्राष्ट्रीय संबंध को मान्यता देता है

(A) अनुच्छेद 51 और 253

(B) अनुच्छेद 51 और 254

(C) अनुच्छेद 50 और 253

(D) अनुच्छेद 50 और 254

68. The provisions relating to privileges and immunities are contained under which Articles of the Constitution ?

(A) Articles 105 & 106

(B) Articles 194 & 195

(C) Articles 105, 106, 194 & 195

(D) Articles 104, 105, 195 & 196

69. The distribution of subject-matter is contained under

(A) Fifth Schedule to Constitution

(B) Seventh Schedule to Constitution

(C) Ninth Schedule to Constitution

(D) Eleventh Schedule to Constitution

70. Santhanam Committee led to establishment of

(A) CVC

(B) CBI

(C) SIT

(D) CID

68. विशेषाधिकार और उन्मुक्तियाँ संविधान के किन अनुच्छेदों में वर्णित हैं ?

(A) अनुच्छेद 105 और 106

(B) अनुच्छेद 194 और 195

(C) अनुच्छेद 105, 106, 194 और 195

(D) अनुच्छेद 104, 105, 195 और 196

69. विषयवस्तु का विभाजन दिया गया है

(A) संविधान की पाँचवीं अनुसूची में ।

(B) संविधान की सातवीं अनुसूची में ।

(C) संविधान की नवीं अनुसूची में ।

(D) संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची में ।

70. संथानम समिति के अनुपालन में स्थापित किया गया

(A) सी.वी.सी.

(B) सी.बी.आई.

(C) एस.आई.टी.

(D) सी.आई.डी.

71. The nature and function of Chief Information Commissioner is

(A) Judicial

(B) Quasi Judicial

(C) Administrative

(D) Constitutional

72. Provision relating to Finance Commission is contained under

(A) Article 279

(B) Article 279A

(C) Article 280

(D) Article 283

73. Which Article of the Constitution provides safeguards against ex post facto law ?

(A) Article 20(1)

(B) Article 20(2)

(C) Article 20(3)

(D) Article 19(1) (a)

74. Which among the following fundamental rights available only to the citizen of India ?

(A) Right to equality

(B) Right to freedom of speech and expression

(C) Right to life and personal liberty

(D) Protection against double jeopardy

71. मुख्य सूचना आयुक्त की प्रकृति और कृत्य है

(A) न्यायिक

(B) अर्द्धन्यायिक

(C) प्रशासनिक

(D) सांविधानिक

72. वित्त आयोग से संबंधित प्रावधान हैं

(A) अनुच्छेद 279 में

(B) अनुच्छेद 279 क में

(C) अनुच्छेद 280 में

(D) अनुच्छेद 283 में

73. संविधान का कौन सा अनुच्छेद "एक्स पोस्ट फैक्टो ला" के संबंध में प्रावधान करता है ?

(A) अनुच्छेद 20(1)

(B) अनुच्छेद 20(2)

(C) अनुच्छेद 20(3)

(D) अनुच्छेद 19(1)(क)

74. कौन से मौलिक अधिकार केवल भारत के नागरिकों को प्राप्त हैं ?

(A) समता का अधिकार

(B) वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार

(C) प्राण और दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार

(D) दोहरे दंड से संरक्षण

75. The doctrine of precedent is incorporated under which Article of Constitution ?

(A) Article 140

(B) Article 141

(C) Article 142

(D) Article 143

76. Who decides 'Whether a Bill is Money Bill or not' ?

(A) President of India

(B) Finance Minister

(C) Lok Sabha Speaker

(D) Prime Minister

77. The organisation of Village Panchayats is contained under

(A) Article 40

(B) Article 41

(C) Article 42

(D) Article 43

75. संविधान के किस अनुच्छेद में पूर्वनिर्णय का सिद्धांत दिया गया है ?

(A) अनुच्छेद 140

(B) अनुच्छेद 141

(C) अनुच्छेद 142

(D) अनुच्छेद 143

76. कौन निर्णीत करता है कि कोई विधेयक धन विधेयक है या नहीं ?

(A) भारत का राष्ट्रपति

(B) वित्त मंत्री

(C) लोकसभा अध्यक्ष

(D) प्रधान मंत्री

77. ग्राम पंचायतों का गठन दिया गया है

(A) अनुच्छेद 40

(B) अनुच्छेद 41

(C) अनुच्छेद 42

(D) अनुच्छेद 43

78. The provision relating to constitution of election commission is

(A) Article 323 B

(B) Article 324 (2)

(C) Article 331

(D) Article 334

78. निर्वाचन आयोग के गठन का प्रावधान है

(A) अनुच्छेद 323 ख

(B) अनुच्छेद 324(2)

(C) अनुच्छेद 331

(D) अनुच्छेद 334

79. 'Article 21 protects the right to life and personal liberty of citizens not only from executive action but also from legislative action.' It was observed in

(A) Minerva Mill case

(B) A.K. Gopalan case

(C) Maneka Gandhi case

(D) Keshva Nanda Bharti case

79. "अनुच्छेद 21 नागरिकों के प्राण और दैहिक स्वतंत्रता के अधिकार का संरक्षण न केवल कार्यपालक कार्यवाही अपितु विधायी कार्यवाही के विरुद्ध भी करता है।" – यह अवलोकित किया गया –

(A) मिनर्वा मिल मामले में।

(B) ए.के. गोपालन मामले में।

(C) मेनका गाँधी मामले में।

(D) केशवानंद भारती मामले में।

80. Which of the following writs can be issued only against the judicial or quasi-judicial authorities ?

(A) Mandamus

(B) Habeas Corpus

(C) Certiorari

(D) Quo Warranto

80. इनमें से कौन सी रिट केवल न्यायिक या अर्द्ध-न्यायिक प्राधिकारियों के विरुद्ध जारी की जा सकती है ?

(A) परमादेश

(B) बंदी प्रत्यक्षीकरण

(C) उत्प्रेषण

(D) अधिकार पृच्छा

81. The executive power of the Union is vested in the

(A) Union Cabinet

(B) Prime Minister

(C) President

(D) Chief Justice of India

82. What is imperative to show the requisites respect to National Anthem ?

(A) Sing only

(B) Stand respectfully

(C) Sing and Stand respectfully

(D) To bow only

83. The idea of Preamble in Indian Constitution has been borrowed from

(A) U.S.A.

(B) Canada

(C) U.S.S.R.

(D) U.K.

81. संघ की कार्यपालिका शक्ति है

(A) मंत्री मण्डल

(B) प्रधान मंत्री

(C) राष्ट्रपति

(D) भारत के मुख्य न्यायाधीश

82. राष्ट्रगान को सम्मान देने के लिए आवश्यक है

(A) केवल गाना

(B) सम्मान में खड़े होना

(C) गाना और सम्मान में खड़े होना

(D) केवल झुकना

83. "उद्देशिका" का विचार भारत के संविधान में लिया गया है

(A) यू.एस.ए. से

(B) कनाडा से

(C) यू.एस.एस.आर. से

(D) यू.के. से

84. Indian Evidence Act, 1872 came into force on

(A) 1st March, 1872

(B) 1st April, 1872

(C) 1st September, 1872

(D) 1st October, 1872

85. Law of Evidence is

(A) Lex Loci Contractus

(B) Lex Fori

(C) Lex Loci Solutionis

(D) Lex Situs

86. In which of the following case the Supreme Court held that the tape recorded conversation is admissible if relevant to matter ?

(A) Lishu Ling Vs. R.

(B) R.Vs. Richardson

(C) R.M. Malkani Vs. Maharastra State

(D) Bhola Ram Kushwaha Vs. M.P. State

87. In which of the following case the Supreme Court held that recording of video conferencing is admissible under the Indian Evidence Act, 1872 ?

(A) State of Maharashtra Vs. P. Bala Desai

(B) Harihar Prasad Singh Vs. Balmiki Prasad Singh

(C) Queen Empress Vs. Abdullah

(D) Pakala Narayan Swami Vs. Emperor

84. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 कब प्रवृत्त हुआ ?

(A) 1 मार्च, 1872

(B) 1 अप्रैल, 1872

(C) 1 सितंबर, 1872

(D) 1 अक्टूबर, 1872

85. साक्ष्य विधि है

(A) लेक्स लोसाई कॉण्ट्रेक्ट्स

(B) लेक्स फोराई

(C) लेक्स लोसाई सलूसनियस

(D) लेक्स साइट्स

86. निम्नलिखित में से किस मामले में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया है कि टेपरिकार्ड पर आधारित वार्तालाप ग्राह्य है यदि वह सुसंगत हो ?

(A) लिशु लिंग ब. आर.

(B) आर. ब. रिचर्डसन

(C) आर.एम. मलकानी ब. महाराष्ट्र राज्य

(D) भोलाराम कुशवाहा ब. म.प्र. राज्य

87. किस वाद में सर्वोच्च न्यायालय ने यह निर्धारित किया है कि वीडियो कांफ्रेसिंग की रिकार्डिंग भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 में ग्राह्य है ?

(A) महाराष्ट्र राज्य ब. पी. बाला देसाई

(B) हरिहर प्रसाद सिंह ब. बाल्मीकि प्रसाद सिंह

(C) क्वीन इम्प्रेस ब. अबदुल्ला

(D) पाकला नारायण स्वामी ब. एंपरर

88. Which among the following sections of the Indian Evidence Act, 1872 is an exception to the general rule 'hearsay evidence is no evidence' ?

(A) Section 6

(B) Section 11

(C) Section 17

(D) Section 25

89. Mirza Akbar Vs. King Emperor is related to

(A) Section 9

(B) Section 10

(C) Section 11

(D) Section 13

90. Whose admission will not be relevant under Section 18 – 20 of the Indian Evidence Act, 1872 ?

(A) Admission by party to the proceeding

(B) Admission by servant

(C) Admission by agent

(D) Admission by person having interest in the subject-matter of the suit.

91. "A confession is an admission made by any time by a person charged with crime stating or suggesting the inference that he committed that crime." Who has given this definition ?

(A) Stephen

(B) Atkin

(C) Macaulay

(D) Millet

88. भा.सा. अधि., 1872 की कौन सी धारा इस सामान्य नियम का अपवाद है कि "अनुश्रुत साक्ष्य, साक्ष्य नहीं है" ?

(A) धारा 6

(B) धारा 11

(C) धारा 17

(D) धारा 25

89. मिर्जा अकबर ब. किंग एंपरर संबद्ध है

(A) धारा 9

(B) धारा 10

(C) धारा 11

(D) धारा 13

90. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 18–20 के अंतर्गत किसकी स्वीकृति सुसंगत नहीं है ?

(A) कार्यवाही के पक्षकार की स्वीकृति

(B) सेवक की स्वीकृति

(C) अभिकर्ता की स्वीकृति

(D) किसी वाद की विषयवस्तु में हित रखने वाले व्यक्तियों की स्वीकृति

91. "संस्वीकृति एक स्वीकृति है जो कि किसी समय ऐसे व्यक्ति द्वारा की गई है जिस पर अपराध का आरोप है तथा जिसके कथन या सुझाव से यह अनुमानित होता है कि उसने वह अपराध किया है" – उपरोक्त परिभाषा दी है

(A) स्टीफेन

(B) एटकिन

(C) मैकाले

(D) मिलेट

92. Which of the following has not been included in the definition of 'Court' under the Indian Evidence Act, 1872 ?

(A) All Judges

(B) All Magistrates

(C) All persons legally authorised to take evidence

(D) Arbitrator

93. In which of the following case the Supreme Court held that the court must accept confession as whole and cannot accept only inculpatory and reject the exculpatory part ?

(A) Palvinder Kaur Vs. Punjab State

(B) Pakala Narayan Swami Vs. Emperor

(C) Veera Ibrahim Vs. Maharashtra State

(D) Nathu Singh Vs. Jagdish Singh

94. A confession made by any person while in police custody will be relevant if it has been made

(A) Immediately in the presence of magistrate

(B) Immediately in the presence of superintendent of police

(C) Immediately in the presence of medical officer

(D) None of the above is correct

95. In which of the following subjects an expert is competent to testify ?

(A) Foreign Law

(B) Matter of Science

(C) Question of Art

(D) All of these

92. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 में परिभाषित "न्यायालय" के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन शामिल नहीं है ?

(A) सभी न्यायाधीश

(B) सभी मजिस्ट्रेट

(C) वे सभी व्यक्ति जो साक्ष्य लेने के लिए प्राधिकृत हैं ।

(D) विवाचक (मध्यस्थ)

93. किस मामले में उच्चतम न्यायालय ने यह निर्धारित किया कि न्यायालय के लिए यह आवश्यक है कि वह किसी संस्वीकृति को पूर्ण रूपेण स्वीकार करे । वह ऐसा नहीं कर सकता है कि अभियोगात्मक हिस्से को स्वीकार कर ले और निर्दोषकारी हिस्से को छोड़ दे ?

(A) पलविंदर कौर ब. पंजाब राज्य

(B) पाकला नारायण स्वामी ब. एंपरर

(C) वीरा इब्राहिम ब. महाराष्ट्र राज्य

(D) नाथू सिंह ब. जगदीश सिंह

94. पुलिस अभिरक्षा में किसी व्यक्ति द्वारा की गई संस्वीकृति सुसंगत होगी यदि वह की गई है

(A) मजिस्ट्रेट की साक्षात उपस्थिति में

(B) पुलिस अधीक्षक (सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस) की साक्षात उपस्थिति में

(C) चिकित्साधिकारी की साक्षात उपस्थिति में

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

95. निम्न में से किस विषय पर विशेषज्ञ सक्षम साक्षी है ?

(A) विदेशी विधि

(B) विज्ञान संबंधी

(C) कला के प्रश्न

(D) यह सभी

96. Which section of the Indian Evidence Act, 1872 mentions the facts regarding which the court must take judicial notice ?

(A) Section 57

(B) Section 67

(C) Section 68

(D) Section 69

96. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की किस धारा में यह कहा गया है कि कुछ तथ्यों की न्यायालय न्यायिक अपेक्षा करेगा ?

(A) धारा 57

(B) धारा 67

(C) धारा 68

(D) धारा 69

97. Provision regarding public document has been mentioned under which section of the Indian Evidence Act, 1872 ?

(A) Section 73

(B) Section 74

(C) Section 75

(D) Section 76

97. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की किस धारा में लोक दस्तावेज का प्रावधान है ?

(A) धारा 73

(B) धारा 74

(C) धारा 75

(D) धारा 76

98. 'Leading questions' can be asked in

(A) Examination in chief

(B) Cross examination

(C) Re-examination with the permission of court

(D) All of the above

98. "सूचक प्रश्न" पूछे जा सकते हैं

(A) मुख्य परीक्षा में

(B) प्रति परीक्षा में

(C) न्यायालय की अनुमति से पुन:परीक्षा में

(D) उपर्युक्त सभी

99. Which section of Indian Evidence Act, 1872 provides about 'Hostile witness' ?

(A) Section 133

(B) Section 145

(C) Section 154

(D) Section 161

99. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 का कौन सा प्रावधान "पक्षद्रोही साक्षी" के संबंध में है ?

(A) धारा 133

(B) धारा 145

(C) धारा 154

(D) धारा 161

100. Bhushan Sahu Vs. King is related to which section of Indian Evidence Act, 1872 ?

(A) Section 115

(B) Section 133

(C) Section 122

(D) Section 126

100. भूषण साहू ब. किंग भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की किस धारा से जुड़ा वाद है ?

(A) धारा 115

(B) धारा 133

(C) धारा 122

(D) धारा 126

## SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह